# शिक्षण महाविद्यालय में टीचर्ज डे पर कार्यक्रम का आयोजन




कार्यक्रम में भाग लेते हुए शिक्षकगण। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 6 सितम्बर (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा शिक्षण महविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रोटरी सदस्यों क्लब के सदस्यों दिलप्रीत सिंह, गुरबीर कौर, नेवेदिता भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुवात केक समारोह के साथ की गई। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार ने नई शिक्षा नीति 2020 के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कुछ विद्यार्थियों के उदहारण प्रस्तुत किए जो आज अच्छे अध्यापक है। सहायक प्राध्यापिका विभा गुप्ता ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक महिमा का गुणगान किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक दिवस को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार ने मंच का सचालन किया। प्राचार्य डॉ. रेनू सहोता ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी व मुख्यातिथियों का कॉलेज में आने पर आभार प्रकट किया। प्राचार्या ने एक शिक्षक के उतरदायित्व पर चर्चा की। प्राचार्या ने नई शिक्षा नीति के कई विषयों पर चर्चा की और कॉलेज में अध्यापक बनने आने वाले विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर महाविद्यालय सचिव रमेश कुमार सांगवान ने सभी शिक्षको को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और शिक्षकों को आत्म सुधार करने पर बल दिया कार्यक्रम के अन्त में सभी शिक्षको को सम्मान-पत्र वितरित किए।

अजीत समाचार 07-Sep-2022
Page: 11
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220907/27/11/1_1.cms

# स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में भाग लेते हुए शिक्षकगण। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 6 सितम्बर (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा बीएड कॉलेज अधोया में 'स्वास्थ्य ही जीवन' नामक शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीन त्यागी और रेनू त्यागी व स्वास्थ्य और कल्याण में कई वर्षो से कार्यरत पंकज (हेल्थ एंड वैलनेस कोच) ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में कॉलेज में कार्यरत सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षकों के स्वास्थ्य कर निरीक्षण करवाया गया। कार्यक्रम के अधिकतर शिक्षक ज्यादा भारी वजन, बी.पी., शुगर, थाइरोइड, त्वचा से संबंधित बीमारीयों के बारे में पहले से ही जागरूक थे। इस मुहिम में आए सभी स्वास्थ्य प्रशिक्षकों ने कॉलेज में उपस्थित सभी अध्यापकों की दैनिक जीवन से संबंधित बीमारीयों को सुना और उनका 'शारीरक स्क्रीनिंग मशीन' के द्वारा निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जटिलताओं से बचने के लिए स्वस्थ भोजन चुने। ताजे फल और सब्जियां खूब खाए, वजन कंट्रोल में रखे, शारीरिक रूप से सक्रिय रहे। सप्ताह में 5 दिन हर रोज 30 मिनट एक्सरसाइज करने की कोशिश करे। इस कार्यक्रम में स्वस्थ्य विशेषज्ञो ने प्रमुख विषयों जैसे शारीरिक गतिविधियों का न होना, खराब आहार का सेवन करना, ट्रांस फैट का उचित मात्रा में सेवन करना आदि विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. आशीष अनेजा (सीनियर मेडिकल अफसर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र) ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने अपने भाषण में खान-पान के महत्व और अपने आहार के बदलावों के बारे में बताया। डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि अपने हर्दय को स्वस्थ रखने के लिए वजन कम करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए उन चीजों को चुने जिनसे हमारा स्वास्थ्य ठीक हो। उन्होंने मैडिटेशन, पेंटिंग, किताबें पढना आदि विषयों के बारे में चर्चा की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने कर्याक्रम के अंत में उपस्थित मेहमानों का धन्यवाद किया व समस्त कर्याक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की।


**बेदखली सूचना**

मैं बाबू राम पुत्र लाल चंद निवासी गांव बुर्ज तहसील रतिया जिला फतेहाबाद हलफन बयान करता हूं कि मेरा लड़का गुरप्यार सिंह व पुत्रवधु कीर्ति देवी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल, अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

**बेदखली सूचना**

मैं, जसवन्त कौर विधवा केवल सिंह निवासी गांव ब्राह्मणवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का सतनाम सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्तागण



अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
07-Sep-2022
Page: 7
http://www.ajitsamachar.com/20220907/27/7/1_1.cms

# कॉलेज में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित

**जगमार्ग न्यूज**



**बराड़ा।** लार्ड कृष्णा बीएड कॉलेज अधोया में 'स्वास्थ्य ही जीवन' नामक शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीन त्यागी और रेनू त्यागी व स्वास्थ्य और कल्याण में कई वर्षों से कार्यरत पंकज (हेल्थ एंड वैलनेस कोच) ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में कॉलेज में कार्यरत सभी शिक्षकों और गैर - शिक्षकों के स्वास्थ्य कर निरीक्षण करवाया गया। कार्यक्रम के अधिकतर शिक्षक ज्यादा भारी वजन, बी.पी., शुगर, थाइरोइड, त्वचा से संबंधित बीमारीयों के बारे में पहले से ही जागरूक थे। इस मुहिम में आए सभी स्वास्थ्य प्रशिक्षकों ने कॉलेज में उपस्थित सभी अध्यापकों की दैनिक जीवन से संबंधित बीमारीयों को सुना और उनका 'शारीरक स्क्रीनिंगमशीन' के द्वारा निरिक्षण किया। उन्होंने कहा कि जटिलताओं से बचने के लिए स्वस्थ भोजन चुने। ताजे फल और सब्जियां खूब खाए,वजन कंट्रोल में रखे, शारीरिक रूप से सक्रिय रहे। सप्ताह में 5 दिन हर रोज 30 मिनट एक्सरसाइज करने की कोशिश करे। इस कार्यक्रम में स्वस्थ्य विशेषज्ञो ने प्रमुख विषयों जैसे शारीरिक गतिविधियों का न होना, खराब आहार का सेवन करना, ट्रांस फैट का उचित मात्रा में सेवन करना आदि विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. आशीष अनेजा (सीनियर मेडिकल अफसर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र) ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने अपने भाषण में खान-पान के महत्व और अपने आहार के बदलावों के बारें में बताया। डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि अपने हर्दय को स्वस्थ रखने के लिए वजन कम करना जरुरी है।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला
7 Sep 2022



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*

# बीमारियों से बचने के लिए वजन कंट्रोल करें : त्यागी

## लार्ड कृष्णा बीएड कॉलेज में कार्यक्रम

- कॉलेज के शिक्षकों और गैर शिक्षकों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लार्ड कृष्णा बीएड कॉलेज अधोया में स्वस्थ ही जीवन नामक शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीन त्यागी और रेनू त्यागी व स्वास्थ्य और कल्याण में कई वर्षों से कार्यरत पंकज (हेल्थ एंड वैलनेस कोच) ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में कॉलेज में कार्यरत सभी शिक्षकों और गैर - शिक्षकों के स्वास्थ्य कर निरीक्षण करवाया गया। कार्यक्रम के अधिकतर शिक्षक ज्यादा भारी वजन, बीपी., शुगर, थाइरोइड, त्वचा से संबंधित बीमारीयों के बारे में पहले से ही जागरूक थे। इस मुहिम में आए सभी स्वास्थ्य प्रशक्षिकों ने कॉलेज में उपस्थित सभी अध्यापकों की दैनिक जीवन से संबंधित बीमारीयों को सुना और उनका शारीरिक स्क्रीनिंग मशीन के

### आहार का महत्व बताया

उन्होंने अपने भाषण में खान-पान के महत्व और अपने आहार के बदलावों के बारें में बताया। अनेजा ने कहा कि अपने हर्दय को स्वस्थ रखने के लिए वजन कम करना जरुरी है। मैडिटेशन, पेंटिंग, किताबें पढना आदि विषयों के बारे में चर्चा की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने कार्यक्रम के अंत में मेहमानों का धन्यवाद किया।

स्वस्थ भोजन चुने। ताजे फल और सब्जियां खूब खाए ,वजन कंट्रोल में रखे , शारीरिक रूप से सक्रिय रहे। सप्ताह में 5 दिन हर रोज 30 मिनट एक्सरसाइज करने की कोशिश करे। इस कार्यक्रम में स्वस्थ्य विशेषज्ञो ने प्रमुख विषयों जैसे शारीरिक गतिविधियों का न होना, खराब आहार का सेवन करना, ट्रांस फैट का उचित मात्रा में सेवन करना आदि विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम के तहत सीनियन मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष




बराड़ाः कार्यक्रम में भाग लेते हुए पूर्व छात्र व स्टाफ। (छायाःरहमदीन)

# बीएड कॉलेज अधोया में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन

बराड़ा, 10 सितम्बर (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में 40 पूर्व विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। सन 2017- 2019 से लेकर अब तक के पास आउट विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादों व अनुभवों को सांझा किया और सभी ने कहा यह सिर्फ हमारा कॉलेज नहीं बल्कि हमारा परिवार है। यहीं से ही शिक्षा और संस्कार प्राप्त करके हम सब अपने जीवन में सफल हो पाए हैं। बच्चों ने उस वर्ष में रविवार को विशेष कक्षा लगाए जाने के प्रयास को सराहा और इस प्रयास के लिए सभी शिक्षकों एवं प्राचार्या की प्रशंसा की 7 कई बच्चों ने बताया कि बी.एड करने के बाद वे अच्छे पदों पर आसीन हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयास सराहनीय है। पूर्व छात्राएं नवनीत, अमृत, बलविंदर, पुनीत, कुलदीप आदि ने अपने जीवन के शिक्षा से जुड़े अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज हमेशा अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करता रहेगा तथा यह आशा भी व्यक्त की कि सभी पूर्व विद्यार्थी तन व मन से सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने बच्चों को एनईपी 2020 के अनुसार कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक अनिल के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। एलुमिनाई मीट के सफल आयोजन में नरेश कुमार व विभा का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
11-Sep-2022
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20220911/27/9/1_1.cms

# बीएड कॉलेज अधोया में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन




**जगमार्ग न्यूज**

**बराड़ा।** लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन अधोया में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में 40 पूर्व विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। सन 2017- 2019 से लेकर अब तक के पास आउट विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादों व अनुभवों को साझा किया और सभी ने कहा यह सिर्फ हमारा कॉलेज नहीं बल्कि हमारा परिवार है। यहीं से ही शिक्षा और संस्कार प्राप्त करके हम सब अपने जीवन में सफल हो पाए हैं। बच्चों ने उस वर्ष में रविवार को विशेष कक्षा लगाये जाने के प्रयास को सराहा और इस प्रयास के लिए सभी शिक्षको एवं प्राचार्या की प्रशंसा की 7 कई बच्चों ने बताया कि बी. एड.करने के बाद वे अच्छे पदों पर आसीन हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयास सराहनीय है। पूर्व छात्राएं नवनीत, अमृत, बलविंदर, पुनीत, कुलदीप आदि ने अपने जीवन के शिक्षा से जुड़े अनुभव साँझा किये। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज हमेशा अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करता रहेगा तथा यह आशा भी व्यक्त की कि सभी पूर्व विद्यार्थी तन व मन से सहयोग करते रहेंगे। एलुमिनाई मीट के सफल आयोजन में नरेश कुमार व् विभा का का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

11 Sep 2022

# छात्रों ने मिलन समारोह में सांझा किए अनुभव




बराड़ा। लार्ड कृष्णा कॉलेज आफ एजुकेशन अधोया में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में 40 पूर्व छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। सन 2017- 2019 से लेकर अब तक के पास आउट छात्रों ने कालेज से जुड़ी यादों व अनुभवों को सांझा किया। सभी ने कहा यह सिर्फ हमारा कॉलेज नहीं बल्कि हमारा परिवार है। यहीं से ही शिक्षा और संस्कार प्राप्त करके हम सब अपने जीवन में सफल हो पाए हैं। बच्चों ने उस वर्ष में रविवार को विशेष कक्षा लगाएं जाने के प्रयास को सराहा और इस प्रयास के लिए सभी शिक्षकों एवं प्राचार्या की प्रशंसा की। कई बच्चों ने बताया कि बीएड करने के बाद वे अच्छे पदों पर आसीन हैं। पूर्व छात्राएं नवनीत, अमृत, बलविंदर, पुनीत, कुलदीप आदि ने अपने जीवन के शिक्षा से जुड़े अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज हमेशा अपने पूर्व छात्रों को याद करता रहेगा तथा यह आशा भी व्यक्त की कि सभी पूर्व छात्र तन व मन से सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने बच्चों को एनईपी 2020 के अनुसार कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक अनिल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला
15 Sep 2022




# रोजमर्रा में हिंदी का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लार्ड कृष्णा कॉलेज अधोया में राष्ट्रीय हिंदी दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोलास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल कुमार ने किया। विचारगोष्ठी / संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह और गुरदीप कौर ने छात्रों को बताया कि आज ही के दिन 1949 में हमारी संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था । अपने भाषण में उन्होंने कहा कि समावेशी और स्थायी विकास के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी ही चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका संगीता सिंगला ने सभी उपस्थित श्रोतागणों का धन्यवाद किया।



कार्यक्रम में शिरक्त करते हुए कॉलेज स्टाफ व अन्य। (छाया: रहमदीन)

# रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी भाषा का उपयोग करे : सांगवान

बराड़ा, 14 सितंबर (रहमदीन): लार्ड कृष्णा महाविद्यालय अधोया में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोलास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल कुमार ने किया। विचारगोष्ठी / संगोष्ठी के माध्यम से प्राध्यापक दलबीर सिंह और गुरदीप कौर ने छात्रों को बताया कि आज ही के दिन 1949 में हमारी संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि समावेशी और स्थायी विकास के लिए शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी ही चाहिए। इस से बच्चों को स्वयं अभिव्यक्त करने में और विषय को समझने में आसानी होती है। पढ़ने में रुचि पैदा होती है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता कहा कि न कोई भाषा थोपी जानी चाहिए न किसी भाषा का कोई विरोध होना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अपनी मातृभाषा का सम्मान करें व रोजमर्रा के कामों में उसका प्रयोग करें। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका संगीता सिंगला ने सभी उपस्थित श्रोतागणों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की समस्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

अजीत समाचार 15-Sep-2022
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220915/27/6/1_1.cms

# गांधी जंयती पर किया पौधारोपण



पौधारोपण करते हुए प्रबंधन समिति व स्टाफ के लोग। (छाया:

बराड़ा, 1 अक्तूबर (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में गांधी जंयती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांधी के विचारों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने गांधी के राजनीतिक व सामाजिक जीवन के बारे में चर्चा की। मंच का संचालन प्राध्यापिका पूजा रानी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने गांधी पर अपने सुविचार प्रस्तुत किए। कॉलेज प्राचार्या डॉ . रेनू सोहता ने महात्मा गांधी के जीवन संघर्षों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि गांधी की सबसे बड़ी प्रेरणा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए थी। यह उसी का परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा पा रही हैं। प्राध्यापक नरेश कुमार ने गांधी के लिए स्वतंत्रता और स्वराज के सिद्धांत, धरमनिर्पेक्षता, समानता और सत्याग्रह की व्याख्या की।


## बेदखली सूचना

मैं, सुरजमल पुत्र तेलूराम निवासी वार्ड-12, सब-तहसील भूना, ज़िला फतेहाबाद घोषणा करता हूं मेरा पुत्र संजय कुमार व इसकी पत्नी मन्जु रानी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इनको



अजीत समाचार

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार

02-Oct-2022

Page: 11

http://www.ajitsamachar.com/20221002/27/11/1_1.cms

बराड़ाः शैल्टर होम में रहने वाले लोगों के साथ कॉलेज स्टाफ व बच्चे। (छायाः रहमदीन)

# कॉलेज स्टाफ व छात्रों ने शेल्टर होम के बुज़ुर्गों का जाना हाल

बराड़ा, 28 अक्तूबर (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया के स्टाफ व छात्रों ने गांव मघरपुरा स्थित 'नी आसरे दा आसरा (शेल्टर होम)' में पहुंचकर शेल्टर हो की साफ-सफाई की और सजाया। कॉलेज स्टाफ व छात्रों ने शेल्टर होम में रहने वाले बुजुर्ग व बेसहारा लोगों के साथ समय बिताया और उनके स्वास्थ्य का हाल पूछा। उन्होंने वहां रह रहे लोगों को मिठाईयां, खाना व उपहार भेंट किए। इस बारे में कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता व कॉलेज प्रंबधन प्रधान राजकुमार सांगवान ने वहां पर मौजूद कॉलेज के बच्चों एवं शिक्षकों को भविष्य में इस तरह के लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेन के लिए रिफ्रैशमेंट और पुरस्कार वितरित किये गए।

अजीत समाचार 29-Oct-2022
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20221029/27/8/1_1.cms

# लॉर्ड कृष्णा बीएड कॉलेज में नए सत्र का शुभारंभ



बराड़ाः छात्रों को जानकारी देते हुए स्टाफ सदस्य। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 29 अक्तूबर (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया बराड़ा में बीएड प्रथम वर्ष के नए सत्र 2022-2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की अराधना के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों और शिक्षक गणों का परिचय छात्रों से करवाया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापिका विभा गुप्ता ने अकादमिक कैलेंडर के बारे, प्राध्यापक नरेश कुमार ने महाविद्यालय की सभी कमेटी और कोड ऑफ कंडक्ट के संबंध में, प्राध्यापिका रश्मी ने स्कूल इन्टर्नशिप प्रोग्राम के संदर्भ में, प्राध्यायक दलबीर सिंह ने बीएड के पाठ्यक्रम की जानकारी दी तो प्राध्यापक अनिल ने अभिविन्यास कार्यक्रम और वैल्यू एडेड और सेल्फ स्टडी पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी छात्रों को प्रदान की। प्राध्यापिका संगीता ने लाइब्रेरी से संबंधित नियम और प्राध्यापिका पूजा ने परीक्षा प्रक्रिया को छात्रों के साथ सांझा किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने सभी छात्रों के मंगल भविष्य की कामना की और अच्छा अध्यापक बन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने समस्त छात्रों को अध्यापक के देने के लिए प्रोत्सहित कर्तव्यों से परिचित करवाते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।


अजीत समाचार

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार

30-Oct-2022

Page: 6

http://www.ajitsamachar.com/20221030/27/6/1_1.cms

# एड्स जागरुकता अभियान चलाया

बराड़ा, 4 दिसम्बर (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में एड्स जैसी भयंकर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इसमें बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों दवारा इन्टर्नशिप प्रोग्राम में विभिन्न सरकारी स्कूलों में पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इसके साथ ही महविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा एड्स से बचाव के लिए नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर महविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने बताया कि एड्स लाईलाज बीमारी है जिसे उपाय केवल जागरूकता ही है। जागरूकता फैलाकर ही एड्स जैसी भयंकर बीमारी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। प्रबधंक कमेटी के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने सभी छात्रों को सामाजिक जागृति में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
05-Dec-2022
Page: 8
http://www.ajitsamachar.com/20221205/27/8/1_1.cms

हरिभूमि
रोहतक - अंबाला
5 Dec 2022

# एड्स से बचाव को चलाया जागरूकता अभियान

**बराड़ा।** लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में एड्स जैसी भयंकर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इसमें बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों दवारा इन्टर्नशिप प्रोग्राम में विभिन्न सरकारी स्कूलों में पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। इसके साथ ही महविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा एड्स से बचाव के लिए नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग ले कर इस बीमारी के प्रति

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जगमार्ग न्यूज




बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में प्रतिभा खोज शीर्षक के तहत खुला आसमान नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंध अध्यक्ष राजकुमार सांगवान , उपाध्यक्षा कृष्णा सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान ,कोषाध्यक्ष साहिल सांगवान , विशिष्ट अतिथि के रूप में रोमित व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच का संचालन बी.एड की छात्रा पूजा रानी व बलदेव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे कि पोस्टर मेकिंग , गायन, सोलो डांस, ग्रुप डांस, मिमिक्री, कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, सर्वश्रेष्ठ में से सर्वोत्तम, नाखून सजावट कला, टैटू कला, आभूषण बनाना कला, केश -शैली इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बेहद सुंदर, आर्कषक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ रेनू सोहता ने बताया कि इस तरह की प्रतिभाओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास बढ़ता है और वे आगे चलकर बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अभिभावकों व देश का नाम रोशन कर सकते है।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन




बराड़ाः विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कॉलेज प्रबंधन। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 14 दिसम्बर (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में प्रतिभा खोज शीर्षक के तहत खुला आसमान नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंध अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, उपाध्यक्षा कृष्णा सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान, कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान, विशिष्ट अतिथि के रूप में रोमित व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच का संचालन बी.एड की छात्रा पूजा रानी व बलदेव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे कि पोस्टर मेकिंग, गायन, सोलो डांस, ग्रुप डांस, मिमिक्री, कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, सर्वश्रेष्ठ में से सर्वोत्तम, नाखून सजावट कला, टैटू कला, आभूषण बनाना कला, केश-शैली इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बेहद सुंदर, आर्कषक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने बताया कि इस तरह की प्रतिभाओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास बढ़ता है और वे आगे चलकर बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अभिभावकों व देश का नाम रोशन कर सकते है। डांस प्रतियोगिता में पहला स्थान मनाली, दूसरा नर्गिस और तीसरा स्थान शिवानी ने प्राप्त किया। क्राफ्टिंग में पहला स्थान नरगिस, दूसरा प्रियंका और तीसरा स्थान पूजा ने प्राप्त किया। नेल आर्ट में फर्स्ट पोजीशन मोहिता, सैकेंड पूजा और थर्ड पोजीशन प्रेरणा ने प्राप्त किया। टैटू आर्ट में फर्स्ट पोजीशन अलका, नाली, सैकेंड मुस्कान और थर्ड पोजीशन नरगिस ने प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट में पहला स्थान नरगिस, दूसरा मनप्रीत और तीसरा स्थान अलका ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में पहला स्थान कोमल, दूसरा मोनिका और तीसरा स्थान नरगिस और पूजा ने प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस में पहला स्थान नरगिस दूसरी सुनीता और तीसरा स्थान वासुदेव ने प्राप्त किया। कोमल, दूसरा मोन्किा और तीसरा स्थान नरगिस और पूजा ने प्राप्त किया। अंत में सभी विजेता छात्रों में पुरस्कार वितरित करके उनका उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद प्रस्ताव सहायक प्रवक्ता रश्मि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टॉफ मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
15-Dec-2022
Page: 8
http://www.ajitsamachar.com/20221215/27/8/1_1.cms

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

15 Dec 2022

# प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में प्रतिभा खोज शीर्षक के तहत खुला आसमान नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंध अध्यक्ष राजकुमार सांगवान , उपाध्यक्षा कृष्णा सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान ,कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान , विशिष्ट अतिथि के रूप में रोमित व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच का संचालन बी.एड की छात्रा पूजा रानी व बलदेव सिंह द्वारा किया गया।




बराड़ा। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कॉलेज प्रबंधन। *फोटो : हरिभूमि*

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे कि पोस्टर मेकिंग , गायन, सोलो डांस, ग्रुप डांस, मिमिक्री, कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, सर्वश्रेष्ठ में से सर्वोत्तम, नाखून सजावट कला, टैटू कला, आभूषण बनाना कला, केश -शैली इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बेहद सुंदर, आर्कषक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ रेनू सोहता ने बताया कि इस तरह की प्रतिभाओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास बढ़ता है और वे आगे चलकर बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अभिभावकों व देश का नाम रोशन कर सकते है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्राओं ने कलात्मक ढंग से प्रस्तुति देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर सचिव रमेश कुमार सांगवान ने कहा कि छात्रों को इस तरह की गतिविधियों में रुचि होनी चाहिए और अपने कौशल व प्रतिभा का पता लगाने के लिए भाग लेना चाहिए व साथ ही साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करें।

# मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया



बराड़ा,(जगमार्ग न्यूज)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रागण मे दो दिवसीय मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पहले दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन के 20 विद्यार्थियो और अपने दो टीचरो अलका रानी व निशा सैनी के साथ कॉलेज कैंपस का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम मे कॉलेज मे स्टूडेंस ने स्कूल के विद्यार्थियो का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के कैंपस, कार्यशालाओ, कक्षाओ व पुस्तकालय का भ्रमण करवाया। स्कूल से आए हुए विद्यार्थियो ने कॉलेज के बहुउद्देश्य हॉल में विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतिया दी । इसी प्रकार दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरा देहरा से जतिंदर सिंह व सरगम दत्ता 20 विद्यार्थियो के संग कॉलेज मे पहुचे तो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ से मीनाक्षी व अनुज कुमार 20 विद्यार्थियो के साथ, राजकीय माध्मिक विद्यालय मनुमजरा से दिनेश कुमार व अमनदीप सिंह 20 विद्यार्थियो को लेकर आए। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सरकार के मिलन कार्यक्रम को चलाने के पीछे वास्तविकता को प्रस्तुत किया और बताया कि किस तरह से ऐसे कार्यक्रमो को करवाने से बच्चो का मानसिक विकास होता है। इन कार्यक्रमो का उद्देश्य सभी समाजिक और आर्थिक वर्ग के पिछड़े समूहो को समूह शिक्षण मे मूल्यो एवं उचित शिक्षण का अभ्यास देना है। प्राचार्या ने अन्त मे सभी विद्यार्थियो को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।



बराड़ा : स्कूली बच्चों के साथ कालेज स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

# शिक्षण महाविद्यालय में मिलन कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा, 17 दिसम्बर (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रागंण में दो दिवसीय मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन के 20 विद्यार्थियों और अपने दो टीचरों अलका रानी व निशा सैनी के साथ कॉलेज कैंपस का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम में कॉलेज में स्टूडेंस ने स्कूल के विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के कैंपस, कार्यशालाओं, कक्षाओं व पुस्तकालय का भ्रमण करवाया। स्कूल से आए हुए विद्यार्थियों ने कॉलेज के बहुउद्देश्य हॉल में विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतियां दी । इसी प्रकार दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरा देहरा से जतिंदर सिंह व सरगम दत्ता 20 विद्यार्थियों के संग कॉलेज में पहुंचे तो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ से मीनाक्षी व अनुज कुमार 20 विद्यार्थियों के साथ, राजकीय माध्मिक विद्यालय मनुमजरा से दिनेश कुमार व अमनदीप सिंह 20 विद्यार्थियों को लेकर आए। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सरकार के मिलन कार्यक्रम को चलाने के पीछे वास्तविकता को प्रस्तुत किया और बताया कि किस तरह से ऐसे कार्यक्रमों को करवाने से बच्चों का मानसिक विकास होता है।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
18-Dec-2022
Page: 6
http://www.ajitsamachar.com/20221218/27/6/1_1.cms

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

18 Dec 2022

# शिक्षण कॉलेज में मिलन कार्यक्रम का आयोजन

- 20 छात्रों ने दो 'शिक्षको के साथ कॉलेज कैंपस का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रागंण में दो दिवसीय मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पहले दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन के 20 विद्यार्थियों और अपने दो टीचरों अलका रानी व निशा सैनी के साथ कॉलेज कैंपस का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम में कॉलेज में स्टूडेंटस ने स्कूल के विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के कैंपस, कार्यशालाओं, कक्षाओं व पुस्तकालय का भ्रमण करवाया।



कराड़ा। स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज स्टाफ।

स्कूल से आए हुए विद्यार्थियों ने कॉलेज के बहुउद्देश्य हॉल में विभन्नि नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इसी प्रकार दूसरे दिन राजकीय वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय नाहरा देहरा से जतिंदर सिंह व सरगम दत्ता 20 विद्यार्थियों के संग कॉलेज में पहुंचे तो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ से मीनाक्षी व अनुज कुमार 20 विद्यार्थियों के साथ, राजकीय माधिमक विद्यालय मनुमजरा से दिनेश कुमार व अमनदीप सिंह 20 विद्यार्थियों को लेकर आए। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# शिक्षण महाविद्यालय में मिलन कार्यक्रम आयोजित



स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज स्टाफ। (मसोन)

**सवेरा न्यूज/उमेश बराड़ा :** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रागंण में दो दिवसीय मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन के 20 विद्यार्थियों और अपने दो टीचरों अलका रानी व निशा सैनी के साथ कालेज कैंपस का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम में कॉलेज में स्टूडेंस ने स्कूल के विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें कालेज के कैंपस, कार्यशालाओं, कक्षाओं व पुस्तकालय का भ्रमण करवाया। स्कूल से आए हुए विद्यार्थियों ने कॉलेज के बहुउद्देश्य हॉल में विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इसी प्रकार दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरा देहरा से जतिंदर सिंह व सरगम दत्ता 20 विद्यार्थियों के संग कॉलेज में पहुंचे तो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ से मीनाक्षी व अनुज कुमार 20 विद्यार्थियों के साथ, राजकीय माध्मिक विद्यालय मनुमजरा से दिनेश कुमार व अमनदीप सिंह 20 विद्यार्थियों को लेकर आए। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक दलबीर सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बीएड कॉलेज का स्कूली बच्चों ने किया भ्रमण

जगमार्ग न्यूज



बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रागंण में दो दिवसीय- मिलन कार्यक्रम 22 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया 7 इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजोखेड़ी से 20 स्टूडेंट्स तीन टीचरों राज रानी प्राधानाचार्य, च्मो विर्का, मोनिया, सुनील, विवेक कुमार आए।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुभरी से अश्विनी कुमार , अचला शर्मा व 20 विद्यार्थियों ने, महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प अर्पित करके स्वागत समारोह द्वारा किया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन प्राध्यापिका पूजा रानी द्वारा किया गया। कॉलेज के बी.एड. एवं डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने आये हुए सभी स्कूल के विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यशालाओं,कक्षाओं व पुस्तकालय का भ्रमण करवाया । महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विभिन्न कार्यशालाओं की कार्यप्रणाली की प्रस्तुतियां दी व विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया । विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासा की तृप्ति करने के लिए भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रश्नों के द्वारा अपने संदेह का निवारण किया। विभिन्न स्कूलों से आये हुए अध्यापको ने विद्यार्थियों को शिक्षा और मिलन समारोह के महत्व के बारे में बताया।

# लार्ड कृष्णा कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

बराड़ा, 31 जनवरी (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षण परिषद द्वारा प्रस्तावित जनवरी माह की गतिविधियों का आयोजन संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्राध्यापकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपने मनोभावो को विभिन्न माध्यमों से भारतीय स्वरुप को चित्रित किया। इसी कड़ी के अंतर्गत छात्राध्यापकों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत व धरोहर की सार्थकता दिखने के लिए विरासत स्थल 'मोरनी' की यात्रा करवाई गयी जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापकों को भारतीय विरासत स्थलों, संस्कृतियों और परम्पराओं के विषय में जागरूकता पैदा करना था। इसके साथ ही महाविद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रान्तीय और क्षेत्रीय भाषाओं के उत्थान हेतु सहायक प्रवक्ता अनिल और रश्मि ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न सरकारी व मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराड़ा में प्रस्तुति दी। इस पीपीटी के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों की भाषा व लिपि से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकों और लार्ड कृष्णा महाविद्यालय के छात्राध्यापकों ने प्रान्तीय भाषाओं के उत्थान व विकास पर चर्चा की। स्कूल अध्यापकों द्वारा दिए गए सुझावों पर महाविद्यालय में प्राध्यापकों द्वारा चर्चा की गई ।



बराड़ाः कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी। (छायाः रहमदीन)

## एडवाइजर नंद लाल हुए सम्मानित

बराड़ा, 31 जनवरी (रहमदीन) : भारतीय जीवन बीमा निगम बराड़ा के सफल एडवाइजर नंद लाल को उनकी उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए विकास अधिकारी केएल सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि नंद लाल ने वर्ष 2023 के लिए डबल एमडीआरटी (यूएसए) का खिताब हासिल किया है। इससे पहले वर्ष 2022 में भी उन्होंने डबल एमडीआरटी (यूएसए) का खिताब हासिल किया था। वह लगातार 6 वर्षों से एमडीआरटी (यूएसए) का खिताब हासिल कर रहे हैं। केएल सैनी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 100 पॉलिसी करके वह शतकवीर बन गए हैं। इस मौके पर उन्होंने विकास अधिकारी केएल सैनी एवं स्टाफ का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
01-Feb-2023
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20230201/27/9/1_1.cms

# महिला समानता दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। महिला समानता दिवस के मौके पर लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राध्यापिका विभा गुप्ता ने महिला समानता पर कुछ विडियो क्लिपिंग्स प्रस्तुत की। जिसके द्वारा उन्होंने समाज में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने पर जोर दिया। प्राध्यापिका पूजा ने महिला समानता दिवस मनाने के महत्व को बताया। लाइब्रेरियन संगीता ने महिला समानता दिवस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच संचालन प्राध्यापिका मीनाक्षी ने सम्भाला। प्राध्यापक जगवीर सिंह ने मदर टैरेसा के कार्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. रेनू रोहिला ने समाज में जो आगे बढ़ने वाली महिलाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के समाज में महिलाओं से जुड़ी जो समस्याएँ हैं उनसे बाहर महिलाएं केवल शिक्षा के माध्यम से ही बाहर निकल सकती है। अंत में उन्होंने सभी को महिला समानता दिवस की बधाई दी और महाविद्यालय की तरफ से सभी शिक्षकों को प्रसिद्ध महिलाओं के जीवन पर आधारित पुस्तक देकर सम्मानित किया।

# महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा, 9 मार्च (रहमदीन) : अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन महिलाओं को याद करते है जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। इन्ही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें बीएड और डीएलएड के छात्राध्यापकों ने नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर इस वर्ष के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शीर्षक समानता को 'गले लगाओ' विषय पर सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने विचार सांझा किए। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्राध्यापिका पूजा द्वारा किया गया। मंच का संचालन प्राध्यापिका विभा गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में महिलाएं घर से लेकर बिजनेस और समाज के उत्थान में महतवपूर्ण योगदान दे रही है। हर बड़े पद पर महिलाओं का वर्चस्व कायम है इसलिए महिलाओं को सामान अधिकार देकर ही समाज में सम्मानित और सशक्त भागीदारी में उनकी भूमिका सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं अनु, सलोनी, मनप्रीत, अनीता, सुनीता, मनप्रीत, शिवानी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अजीत समाचार 10-Mar-2023
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
http://www.ajitsamachar.com/20230310/27/6/1_1.cms

# एड्स लाइलाज बीमारी, इसलिए बचाव ही उपाय : किरण

बराड़ा, 25 मार्च (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में शिक्षातरू एजूकेशन एंड लर्निंग फांडेशन (सेल्फ) की ओर से एचआईवी/एड्स व नशे के दुष्परिणामों के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के निदेशक पारस शर्मा, रहमदीन व ट्रेनर के रूप में किरण ने शिरक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन रशिम ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने एचआईवी/एड्स के लक्ष्णों, कारणों के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता किरण ने अपने संबोधन में कहा कि इस बीमारी का अभी तक कोई इलाज नहीं खोजा जा सका है इसलिए हम केवल बचाव के उपाय अपनाकर ही इससे बच सकते है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को अपना पूरा जीवन दवाईयों के सहारे बिताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें अपना एचआईवी का टैस्ट जरूर करवानी चाहिए। एचआईवी/एड्स की जांच सभी सरकारी अस्तपालों में निशुल्क है। उन्होनें बताया कि कई बार एचआईवी/एड्स के लक्षण जल्दी सामने नहीं आते। लक्षणों को सामने आने में तीन महीने का समय भी लग जाता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि इंजेक्शन से नशा लेने वाले लोगों में एचआईवी/एड्स का खतरा उस वक्त ज्यादा बढ़ जाता है जब वो नशा लेने के लिए ग्रुप में एक ही सीरिंज का इस्तेमाल करते है। उन्होंने बताया कि एचआईवी से ग्रस्ति व्यक्ति शुरूआती दिनों में अन्य दिनों की तरह सेहतमंद रहता है। कुछ समय के बाद इसके लक्षण सामने आते हैं। बुखार, थकावट, सूखी खांसी, वजन घटना, स्किन, मुंह, आंख या नाक के पास धब्बे पड़ना, समय के साथ कमजोर याददाश्त और शरीर में दर्द की शिकायत इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि हम सब को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक होना चाहिए और इसकी जांच करवानी चाहिए। डॉ. रेनू सोहता ने सभी स्टूडेंटस को ऐसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से दूर करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता नरेश ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



बराड़ा : कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता। (छाया : रहमदीन)

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
26-Mar-2023
Page: 10
http://www.ajitsamachar.com/20230326/27/10/1_1.cms

# कॉलेज स्टूडेंट्स को पौधे बांटकर किया पौधरोपण के बारे में जागरूक



जगमार्ग न्यूज़

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविधालय अधोया में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता, सचिव रमेश सांगवान, स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। इस मौके पर सबने कॉलेज के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए।

मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे सचिव रमेश सांगवान ने पर्यावरण के प्रति जागरुकता पर विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। प्रिंसिपल डॉ. रेनू सोहता ने पर्यावरण बचाने के लिए पोधे लगाने व पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण के पश्चात विधार्थियो को ऑनलाइन शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित भाषण भी सुनवाया गया। जागृत युवा, सुरक्षित धरा विश्व पर्यावरण दिवस उत्सव पर शिक्षाविदों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर यूजीसी के चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने पाठ्यक्रम में पर्यावरण के बचाव के लिए कुछ अध्यायों को जोड़ने के लिए कहा क्योंकि हमारे देश के युवा अगर जागृत होंगे तो हम सभी मिलकर पर्यावरण का संरक्षण अच्छे से कर पायेंगे। 2023 के लिए इस दिवस का थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर केन्द्रित है। इस अवसर पर भारी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षागण मौजूद रहे।

# कॉलेज स्टूडेंट्स को पौधे बांट पौधारोपण बारे जागरूक किया



**कॉलेज स्टूडेंट्स को पौधारोपण के लिए जागरूक करते कॉलेज प्रबंधन। (छाया : रहमदीन)**

बराड़ा, 6 जून (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविधालय अधोया में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता, सचिव रमेश सांगवान, स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। इस मौके पर सबने कॉलेज के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए। मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे सचिव रमेश सांगवान ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। प्रिंसिपल डॉ . रेनू सोहता ने पर्यावरण बचाने के लिए पौधे लगाने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण के पश्चात विद्यार्थियो को ऑनलाइन शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित भाषण भी सुनवाया गया। जागृत युवा, सुरक्षित धरा विश्व पर्यावरण दिवस उत्सव पर शिक्षाविदों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर यूजीसी के चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने पाठ्यक्रम में पर्यावरण के बचाव के लिए कुछ अध्यायों को जोड़ने के लिए कहा क्योंकि हमारे देश के युवा अगर जागृत होंगे तो हम सभी मिलकर पर्यावरण का संरक्षण अच्छे से कर पायेंगे। 2023 के लिए इस दिवस का थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर केन्द्रित है। इस अवसर पर भारी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षागण मौजूद रहे।

अजीत समाचार 07-Jun-2023
Page: 6

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार

http://www.ajitsamachar.com/20230607/27/6/1_1.cms

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला
7 Jun 2023

# छात्रों ने कॉलेज प्रांगण में किया पौधरोपण



बराड़ा। स्टूडेंट्स को पौधरोपण के लिए जागरूक करते कॉलेज प्रबंधन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

- चेयरमैन ने पाठयक्रम में पर्यावरण के बचाव के लिए कुछ अध्यायों को जोड़ने के लिए कहा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता , सचिव रमेश सांगवान , स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

इस मौके पर सभी ने कॉलेज के प्रांगण में विभन्नि प्रकार के पेड़ पौधे लगाए। मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे सचिव रमेश सांगवान ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर वद्यिार्थियों को संबोधित किया। प्रिंसिपल डॉ . रेनू सोहता ने पर्यावरण बचाने के लिए पोधे लगाने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। ऑनलाइन शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित भाषण भी सुनवाया गया। जागृत युवा , सुरक्षित धरा वश्वि पर्यावरण दिवस उत्सव पर शिक्षा विदों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर यूजीसी के चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने पाठयक्रम में पर्यावरण के बचाव के लिए कुछ अध्यायों को जोड़ने के लिए कहा क्योंकि हमारे देश के युवा अगर जागृत होंगे तो हम सभी मिलकर पर्यावरण का संरक्षण अच्छे से कर पाएंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षागण

# महिला रेस में अनु ने मारी बाजी, सलोनी रही द्वितीय

जगमार्ग न्यूज




बराड़ा। लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया महाविद्यालय में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ध्वजारोहण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में प्रबंधन समिति के प्रबंधक राजकुमार सांगवान, कॉलेज सचिव श्रमेश सांगवान ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कीर्ति ने शिरकत की। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका रश्मी ने किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी अतिथियों को कार्यक्रम से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। 100 मीटर महिला रेस में अनु ने प्रथम स्थान, सलोनी ने द्वितीय स्थान, व सेजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार 100 मीटर पुरुष वर्ग में मोहित ने पहला, नमन ने दूसरा व अरविन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लेमन स्पून रेस में महिला वर्ग में सलोनी पहले,मनप्रीत दूसरे, व् नरगिस तीसरे स्थान पर रही व् पुरुष वर्ग में बलदेव पहले , सुमित दूसरे, और विकास तीसरे स्थान पर रहे। सैक रेस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में मनप्रीत ने व अनु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया व पुरुष वर्ग में सुमित, मोहित व् विकास ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

थ्री लेग रेस की महिला वर्ग प्रतियोगिता में नरगिस व मनप्रीत ने पहला, पूजा व मनप्रीत ने दूसरा और सुनीता व अनीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी रेस में पुरुष वर्ग से पहला स्थान अरविन व विकास ने, दूसरा स्थान दिलावर सिंह व तरुण ने व तीसरा स्थान बलदेव व सुमित ने प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओ में प्रतिभागियों ने प्रतिभा के दम पर पुरस्कार हासिल किए। इस अवसर पर मुख्यतिथि राजकुमार सांगवान ने बच्चो को प्रेरित किया।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

11 Jun 2023



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

# 100 मीटर रेस में अनु ने मारी बाजी, सलोनी रही दूसरे स्थान पर

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया महाविद्यालय में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ध्वजारोहण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में प्रबंधन समिति के प्रबंधक राजकुमार सांगवान , कॉलेज सचिव श्रमेश सांगवान ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी कीर्ति ने शिरकत की। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका रश्मी ने किया। प्राचार्या डॉ रेनू सोहता ने सभी अतिथियों को कार्यक्रम से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर महिला रेस में अनु ने प्रथम स्थान , सलोनी ने द्वितीय स्थान , व सेजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर पुरुष वर्ग में मोहित ने पहला, नमन ने दूसरा व अरविन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।




विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। (छाया : रहमदीन)

# लार्ड कृष्णा कॉलेज में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

बराड़ा, 10 जून (रहमदीन): लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया महाविद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ध्वजारोहण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के प्रबंधक राजकुमार सांगवान, कॉलेज सचिव श्रमेश सांगवान ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कीर्ति (समाजसेवी) ने शिरकत की। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका रश्मी ने किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी अतिथियों को कार्यक्रम से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर महिला रेस में अनु ने प्रथम स्थान, सलोनी ने द्वितीय स्थान व सेजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर पुरुष वर्ग में मोहित ने पहला, नमन ने दूसरा व अरविन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लेमन स्पून रेस में महिला वर्ग में सलोनी पहले, मनप्रीत दूसरे व नरगिस तीसरे स्थान पर रही व पुरुष वर्ग में बलदेव पहले, सुमित दूसरे और विकास तीसरे स्थान पर रहे। सैक रेस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में मनप्रीत ने व अनु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया व पुरुष वर्ग में सुमित, मोहित व विकास ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
11-Jun-2023
Page: 9

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

14 Jun 2023

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह

- तमन्ना को मिला मिस बीएड का खिताब
- शिवानी बनी मिस डीएलएड, रंगारंग कार्यक्रम से दी विदाई




अंबाला। कॉलेज स्टूडेंटस को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रबंधन व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विदाई समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज सेक्रेटरी रमेश सांगवान ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में बीएड द्वितीय व डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई के साथ -साथ महाविद्यालय में पूरे वर्ष होने वाली प्रतियोगिताओ के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को अच्छा अध्यापक बनने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर सभी वद्यार्थियों व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## छात्रों को शीर्षक देकर सम्मानित किया

बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को शीर्षक देकर सम्मानित किया गया व महाविद्यालय के सभी अध्यापकों और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बंधनप्रीत, शिवानी, दिशा खन्ना, अनुष्का, नरगिस, मनप्रीत आदि छात्रों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए मिस्टर एड मिस बीएड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तमन्ना ने मिस बीएड का और शिवानी ने मिस डीएलएड, आकांशा ने मिस इवनिंग स्टार और बंधनप्रीत ने मिस चार्मिंग का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने वद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए अपने कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के सेक्रेटरी रमेश सांगवान ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से सत्य और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**विदाई समारोह** | तमन्ना ने जीता मिस बीएड का खिताब व शिवानी बनी मिस डीएलएड

# महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

➡ बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों ने बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को शीर्षक देकर सम्मानित किया




रहमदीन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विदाई समारोह में मुख्यतिथि के रूप में कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज सेक्रेटरी रमेश सांगवान ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में बीएड द्वितीय व डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई के साथ -साथ महाविद्यालय में पूरे वर्ष होने वाली प्रतियोगिताओ के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को शीर्षक देकर सम्मानित किया गया व महाविद्यालय के सभी अध्यापको और प्रबंधक कमेटी के सदस्यो को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बंधनप्रीत, शिवानी, दिशा खत्रा, अनुष्का, नरगिस, मनप्रीत आदि छात्रों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए मिस्टर एड मिस बीएड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तमन्ना ने मिस बीएड का और शिवानी ने मिस डीएलएड, आकांशा ने मिस इवनिंग स्टार और बंधनप्रीत ने मिस चार्मिंग का ख़िताब हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए अपने कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के सेक्रेटरी रमेश सांगवान ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से सत्य और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को अच्छा अध्यापक बनने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों व् समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान पर सैमीनार आयोजित

बराड़ा, 24 जून (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान पर सैमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, नरेंदर कुमार व उनके सहयोगियों और रोटरी क्लब के प्रधान रवि कुमार, रमेश कुमार सांगवान, दिलप्रीत सिंह व अन्य रोटेरियन सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सहायक प्रधायापिका पूजा द्वारा मंच संचालन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य युवा पीढ़ी को नशे के बारे में जागरूक करना था। कॉलेज प्राचार्या ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि किस आयु में युवा विद्यार्थी नशे का शिकार होते है, उन्होंने पीपीटी के माध्यम से यह भी बताया कि नशे से कौन कौन सी बीमारियां फैलती है और इस से बचाव कैसे किया जा सकता है। उन्होंने बताया की माता-पिता को अपने बच्चों के साथ समय बिताना होगा और उन्हें सही गलत के बारे में बताना होगा। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने बताया की आज के युवाओ का शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों से भी परिचित करवाना होगा तभी वो स्वयं को नशा छोड़ कर अपने परिवार से जुड़ पायेंगे पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि नशा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को नष्ट कर देता है। नशे से बचने के लिए सरकार द्वारा बहुत से नशा मुक्ति केंद्र खोले गए है जहां व्यक्ति का सम्पूर्ण ईलाज किया जाता है। सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार, प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता और कृष्ण कुमार की बातों पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही छात्राध्यापकों में रजनी शर्मा, मनप्रीत कौर व शिवानी सचदेवा ने नशे से होने वाली परेशानियों व उनके निवारण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
25-Jun-2023
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20230625/27/8/1_1.cms